उन्हें विदेशों को भेजा जा रहा है, उनको आनन्द का साधन बनाया जा रहा है, उसको रोका जाए।

महोदया, मैं इसी बात के साथ उम्मीद करूंगा कि आप सरकार को, क्योंकि यह एक बच्चे से संबंधित बात है और आप एक महिला हैं, आप अच्छी तरह से समझ सकती हैं कि एक बच्चे की पीड़ा क्या होती है और बच्चे से सारा राष्ट्र, सारा जीवन, सारा देश इस प्रकार से जुड़ा हुआ रहता है, तो ऐसे बच्चों को न्याय और इन यातनाओं से बचाने के लिए आप सरकार को अवश्य निर्देश देंगी।

श्री मुहम्मद अमीन अंसारी (उत्तर प्रदेश) : महोदया, मैं अबरार साहब की बात का समर्थन करता हूं। बहुत ही अफसोस और दिल दहला देने वाली बात है कि इन यतीम बेचारों पर बड़ा जुल्म होता है। सरकार से मैं गुजारिश करता हूं कि वह इन संस्थाओं का पता लगाए और उन्हें सजा दे। यही मेरा आपसे अनुरोध है।

**Non-Implementation of Government Assurances in U.P.**

श्री शांति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : महोदया, आपने मुझे यह स्पेशल मैंशन रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका आभारी हूं। आप कृपया घंटी मत बजाइये मैं संक्षिप्त में बोलूंगा। मैडम, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एग्रीकल्चर के मामले में बहुत तरक्की हुई है, । लेकिन कई और बातों में यह अंचल पिछड़ा हुआ है। यहां पर बड़े उद्योगों की कमी है और कई बातें हैं।

मैडम, आप जानती हैं कि इस सरकार ने और पिछली सरकार ने यह वादा किया था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक बेंच कायम की जाएगी। इस सरकार का भी यह वादा है और पिछली सरकार ने भी यह वादा किया था। यह वादा भी किया कि मेरठ में एक इंजीनियरिंग कालेज खोला जाएगा। मैडम, इसी तरीके से बागपत और मेरठ सब डिवीजन में यह आश्वासन दिया था कि यहां दो चीनी मिलें खोली जाएंगी– एक बागपत में और एक मेरठ में। यह भी ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है और फाइल आगे नहीं चल रही। आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरठ के विकास के लिए, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए एक इंजीनियरिंग कालेज, एक हाईकोर्ट की बेंच और दो शूगर फैक्टरीज, इनका जल्दी से जल्दी निर्माण कराया जाये। यही चार प्वाइंटस हैं जिन पर मैं स्पेशल मैंशन के माध्यम से ध्यान आकर्षित करना चाहता था। आपने मुझे मौका दिया इसके लिए धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The House stands adjourned to meet tomorrow morning at 11 O' Clock.

The House then adjourned at fiftyseven minutes past five of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 10th April, 1990.